**खबर संक्षेप**

### मतदान अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य भी-डॉ. सिडाना

**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 19 अप्रैल 2024 को जिले में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। मतदान हमारा अधिकार के साथ-साथ दायित्व भी है, इसलिए प्रत्येक मतदाता को अपने घर से निकलकर नजदीकि मतदान केन्द्र में अपना मत अवश्य देना है। मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक का नियत किया गया है। मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

### मिलन फोटोग्राफिक सोसायटी ने नीतेश को किया सम्मानित



**मण्डला।** मिलन फोटोग्राफिक सोसायटी जबलपुर द्वारा स्व. शशिन यादव की स्मृति में विगत 48 वर्षों से आयोजित ये जाने अनजाने छायाकार फोटो प्रतियोगिता प्रदर्शनी का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी किया गया है। प्रतियोगिता के पुरस्कार 16 अप्रैल की शाम 5 बजे से रानी दुर्गावती संग्रहालय स्थित हीरालाल राय कला विथिका में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश धीरावानी, विशिष्ट अतिथि डॉ. हर्ष सक्सेना तथा अध्यक्षता डॉ. छाया राय ने की। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 150 छायाकारों के 1250 छायाचित्र की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रतियोगिता में मंडला के उभरते छायाकार नीतेश पटेल ने स्वेत श्याम और रंगीन केटेगिरी में अपने छाया चित्र भेजे थे देश भर से आए छाया चित्रों में दोनो ही केटेगिरी में नीतेश पटेल के छाया चित्रों का चयन हुआ और उन्हें सम्मानित किया गया। बता दें कि नीतेश पटेल ने मंडला में फोटोग्राफी को उच्च स्तर में पहुंचने प्रयास किया है आज की सफलता इसका परिणाम है। बता दें कि नीतेश लंबे समय से फोटोग्राफी, फोटोसूटिंग, वीडियोग्राफी में कार्य कर रहे हैं इसके पहले भी उन्हें अनेक सम्मान मिल चुकें हैं। जबलपुर में सम्मानित होने पर मित्र और पत्रकार साथियों ने बधाई दी है।

**प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक होगा मतदान**

# सांसद चुनने आज होगा मतदान






*** संसदीय क्षेत्र में 21 लाख 1 हजार 811 मतदाता।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मंडला संसदीय क्षेत्र के 8 विधानसभा क्षेत्रों में आज प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान से पूर्व प्रातः 5:30 बजे सभी मतदान केन्द्रों में मॉकपोल किया जाएगा। मतदान के लिए मंडला जिले के अंतर्गत आने वाले तीनों विधानसभा क्षेत्रों के बूथ के लिए सामग्री का वितरण गुरूवार को शासकीय पॉलीटेक्निक परिसर मंडला से किया गया।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के लिए संसदीय क्षेत्र में 2614 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें विधानसभा शहपुरा में 336, डिंडौरी में 319, बिछिया में 304, निवास में 321, मंडला में 320, केवलारी में 353, लखनादौन में 407 तथा गोटेगांव में 254 मतदान केन्द्र नियत किए गए हैं। मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए छाया तथा पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सभी केन्द्रों में रैम्प, व्हीलचेयर, बिजली, पेयजल, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, प्रत्येक वाहन में जीपीएस

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक मतदान दल के साथ पुलिस दल भी तैनात रहेगा। इसके साथ ही सेक्टर अधिकारी एवं मतदान दलों को लेकर जाने वाले प्रत्येक वाहनों में जीपीएस लगाया गया है। प्रत्येक वाहन की लोकेशन कंट्रोल रूम में ट्रेक की जाएगी। मतदान केन्द्रों में भी सुरक्षा के समुचित व्यवस्था की गई है।

### 945 मतदान दल एवं 81 रिजर्व दल

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान कराने के लिए 945 मतदान दल गठित किए गए हैं। जानकारी के अनुसार बिछिया विधानसभा में 304, निवास विधानसभा में 321 एवं मंडला विधानसभा में 320 मतदान दल गठित किए गए हैं। इसी प्रकार जिले में कुल 81 दलों को रिजर्व में रखा गया है। बिछिया विधानसभा में 27, निवास में 25 एवं मंडला में 29 मतदान दलों को रिजर्व में रखा गया है।

### 88 ऑल फीमेल तथा 125 मिक्स बूथ

19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में 88 ऑल फीमेल बूथ तथा 125 मिक्स बूथ बनाए गए हैं। ऑल फीमेल बूथ केन्द्रों के मतदान दल में सभी महिला सदस्य हैं, जबकि मिक्स बूथ के मतदान दलों में महिला एवं पुरूष दोनों सम्मिलित हैं। जानकारी के अनुसार बिछिया विधानसभा में 25, निवास विधानसभा में 33 तथा मंडला विधानसभा में 30 ऑल फीमेल बूथ बनाए गए हैं। इसी प्रकार बिछिया विधानसभा में 50, निवास विधानसभा में 25 तथा मंडला विधानसभा में 50 मिक्स बूथ बनाए गए हैं। मतदान दलों में शामिल महिला अधिकारियों में मतदान को लेकर खासा उत्साह है। इन बूथों में महिला दलों के आवास एवं सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन द्वारा समुचित इंतजाम किए गए हैं।

### 94 सेक्टर अधिकारी

मंडला जिले में 94 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रत्येक सेक्टर अधिकारी के साथ पुलिस अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। जानकारी के अनुसार बिछिया विधानसभा में 34, निवास में 32 तथा मंडला में 28 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। बिछिया में 2, निवास में 9 तथा मंडला में 3 अतिरिक्त सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। कुल 18 सेक्टर अधिकारियों को रिजर्व में रखा गया है।

लोकसभा निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए मंडला जिले में कुल 180 माईक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। जानकारी के अनुसार बिछिया विधानसभा में 71, निवास में विधानसभा में 57 तथा मंडला विधानसभा में 52 माईक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। जिले में 27 माईक्रो ऑब्जर्वर रिजर्व रखे गए हैं।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से संपूर्ण व्यवस्था की जा रही है। साथ ही निर्वाचन कार्य की निगरानी के लिए भी वेबकास्टिंग और सीसीटीव्ही का सहारा लिया जा रहा है। मंडला जिले की 3 विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले 945 मतदान केन्द्रों में से 535 बूथ में वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही 75 बूथों पर सीसीटीव्ही लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा 50 अन्य बूथों पर अतिरिक्त कैमरा वेबकास्टिंग तथा 48 बूथों पर पीएसएल की व्यवस्था भी की गई है।

# चुनाव ड्यूटी के दौरान बिगड़ी तबीयत, हुई मौत



*** सहायक प्राध्यापक के पद पर ग्राम लुटिया के प्राथमिक स्कूल में थे पदस्थ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

लोकसभा चुनाव के लिए शासकीय कर्मचारियों की ड्यूटी हर बूथों तक मत पेटियां पहुंचने के लिए लगाई गई है। बुधवार रात्रि से ही शासकीय पॉलीटेक्निक परिसर मंडला में जिले भर से कर्मचारी पहुंचे। 18 अप्रैल गुरूवार की सुबह चुनाव डयूटी में आए एक शिक्षक की चुनाव डयूटी के दौरान तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय मंडला उपचार के लिए ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जानकारी अनुसार मंडला में 19 अप्रैल को मतदान होना है। जिसके लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज से मतदान दल बूथों के लिए रवाना हो रहे थे। इसी दौरान एक मतदान कर्मी की मौत हो गई है। बताया गया है कि रामनगर क्षेत्र के ग्राम नकावल निवासी मनीराम कांवरे प्राथमिक विद्यालय लुटिया में सहायक प्राध्यापक पद पर पदस्थ थे। लोकसभा चुनाव में उनकी मंडला विधानसभा क्षेत्र में ड्यूटी लगी थी। ये लोकसभा चुनाव के लिए मतदान दल को सामग्री वितरण का काम चल रहा था। मूल आदेश और सामग्री प्राप्त करने जब वे पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचे। जहां अचानक मनीराम कांवरे की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी मौत हो गई।

सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने प्राथमिक तौर पर मौत की वजह हार्ट अटैक बताई है। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मनीराम कांवरे के परिजनों को प्राथमिक रूप से तुरंत 50 हजार रुपए की राहत राशि प्रदान करने के लिए निर्देशित दिए है। शिक्षक मनीराम कांवरे के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

सहायक अध्यापक मनीराम कांवरे के दुखद निधन पर जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद त्वरित कार्यवाही करते हुए श्री कांवरे के परिवार को रेडक्रॉस की ओर से 50 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा 15 लाख रूपए की अनुग्रह राशि स्वीकृत की गई है। उनके पुत्र को पात्रता के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति प्रदाय की जाएगी।

बताया गया कि सहायक अध्यापक मनीराम कांवरे पूर्णतः स्वस्थ थे और उन्होंने विधानसभा निर्वाचन 2023 में भी मतदान अधिकारी के रूप में अच्छा कार्य किया था। वे लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आयोजित मतदान दलों के सभी प्रशिक्षणों में शामिल हुए हैं। श्री कांवरे ने अपनी निर्वाचन ड्यूटी निरस्त कराने के लिए किसी भी प्रकार का कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया। दुःख की इस घड़ी में जिला प्रशासन कांवरे परिवार के साथ है।

## सफेद वस्त्र और सिर में रखे हजारों जवारे देखने उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



जिला मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर गौड़ राजाओं की ऐतिहासिक नगरी रामनगर के निकट चौगान की मढ़िया है। चैत्र नवरात्र में चौगान की मढ़िया में हर वर्ष हजारों की संख्या में जवारे बोए जाते हैं। जिनका नौ दिनों तक पूजन के बाद विसर्जन श्रद्धा भक्ति के साथ किया गया। खास बात यह रही कि आदिवासी समाज की इस मढ़िया में एक विशेष वेशभूषा सफेद वस्त्र में ही श्रद्धालू यहां नौ दिनों तक रहकर पूजा में शामिल होते हैं, जिसके बाद सफेद वस्त्र धारण कर वे जवारे विसर्जन को जाते हैं। दृश्य देखने लायक होता है। गुरूवार को करीब दो किमी दूर पैदल चलकर जवारे सिर में रखे हजारों भक्त नर्मदा तट रामनगर पहुंचे। जहां श्रद्धा भक्ति के साथ जवारे विसर्जन किया।

बताया गया कि इस चौगान की मढ़िया से निकले जवारें को देखने हजारों की संख्या में भक्त जुटे। विसर्जन के दौरान लंबी कतार देखी गई। एक सी वेशभूषा में यह नजारा देखने लायक था। आदिवासी समाज के लिए आस्था का केंद्र चौगान की मढ़िया है। यहां पर बड़ी संख्या में लोग हर वर्ष आते हैं। जिले के अलावा पड़ौसी राज्य छग व महाराष्ट्र व अन्य प्रदेश के लोग भी पूजन में शामिल रहते हैं। करीब 2 हजार के लगभग जवारे बोए गए थे। जिले के चिखली, नकावल, झिरियाटोला, गुरार, झीना पलेहरा, मुनु, बिलगांव, चंदवारा, रामपुर, भोदर, डोंगरमंडला, इमलिया, डुंगरिया, अंजनिया एवं बंजी गांव के लोग भी चौगान मढ़िया दर्शन के लिए पहुंचे। इसके अलावा पड़ौसी राज्य के लोग भी शामिल हुए।

## नर्मदा नदी में डूबने से 2 की मौत



**मण्डला।** रामनगर में नर्मदा नदी में डूबने से 02 की मौत हो गई घटना के बारे में बताया जाता है कि एक युवक एवं एक किशोर रामनगर के प्रसिद्ध जवारों का दर्शन करने गये हुये थे और बाद में बताया गया कि वे नर्मदा नदी में नहाने चले गये इस दौरान नदी में डूबने से दोनों की मौत हो गई। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पुलिस के गोताखोरों ने घंटों की मेहनत के बाद इन दोनों के शव नर्मदा नदी से निकाले। युवक और किशोर कौन हैं और कहां के रहने वाले हैं इसकी जानकारी फिलहाल पुलिस द्वारा नहीं दी गई और नहाने के दौरान कैसें डूबने से इनकी मौत हुई इसका भी विवरण खबर लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका।

**बहिष्कार** | **इमलिया रैयत गांव के लोगो ने किया मतदान का बहिष्कार।**

# सड़क नहीं बनी इसलिये नहीं डालेंगे वोट

*** विकासखण्ड बिछिया का मामला।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/अंजनिया

सड़क किसी भी गांव के विकास की गाथा बयां करती है और ये ही ना हो तो विकास के पहिए थम जाते हैं l हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि आज 19 जनवरी को मध्य प्रदेश के 6 सीटों में लोकसभा के चुनाव होने हैं लेकिन मंडला जिले के जनपद पंचायत बिछिया अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलिया माल, इमलिया रैयत, डूंगरिया, में आजादी के बाद से आज तक ग्राम वासियों ने सड़क नहीं देखी और ना ही इन गांवों को मुख्य मार्ग के प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ा गया l इसको लेकर गांव के ग्रामीणों में शैल कुमार परते, कलीराम मार्को, रज्जो बाई धुर्वे, रामप्रसाद यादव के अलावा अन्य-जनो ने हरिभूमि की टीम से चर्चा करते हुए बताया है कि 5 साल में मतदान का पर्व आता है. हम लोग मतदान करना चाहते हैं पर जब कोई हमारी सुध लेने वाला ही नहीं है तो हम लोगों ने मतदान नहीं करने का फैसला लिया है।



जनपद बिछिया अंतर्गत ये तीन गांव शामिल है इन ग्राम वासियों का कहना है कि ग्राम पंचायत से लेकर जिला प्रशासन और जनपद पंचायत तक गांव में बनी समस्या को लेकर सैकड़ो बार ज्ञापन सौपते हो गया लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुआ और बदले में सिर्फ अश्ववासन बस मिला l इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि हर पंचवर्षीय यहां प्रत्याशी पहुंचते हैं लेकिन जीतने या हारने के बाद चेहरा तक नहीं दिखाते। जिसमें समस्या जस की तस है।



दरअसल कहां जाए तो एमपी इलेक्शन में निर्वाचन आयोग की तरफ से भले ही शत % प्रतिशत मतदान करने की पुरजोर तैयारी की जा रही है. या की जाती है /और मतदाता जागरूकता अभियान के लिए चुनाव के पहले से ही तमाम तरह के जतन भी किए गए हो लेकिन आज भी प्रदेश के अलावा कई जिलों और ग्रामीणों में कई ग्राम ऐसे हैं जो मूलभूत सुविधाओं के लिए मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं. जिनमे मंडला जिले के

### यह तीन गांव मिलाकर मतदाता है 1240?

इमलिया माल, इमालिया रैयत, डूंगरिया, के मतदाताओं की संख्या 1240 है जिनका कहना यह है कि कोई भी ग्राम वासी मतदान का बहिष्कार नहीं करना चाहता. पर आज हम शासन प्रशासन की कार्य शैली के चलते हम ग्राम वासियों को यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## केन्द्रों में मतदान दलों का आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत 19 अप्रैल को मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। इसके लिए मतदान दल निर्वाचन सामग्री लेकर गुरूवार की सुबह शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से निर्धारित वाहनों से अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। जहां पर मतदान केन्द्रों में मतदान दलों का आत्मीय स्वागत किया गया है। मतदानकर्मियों का स्वागत फूलमाला से किया गया। अनेक स्थानों पर पारंपरिक नृत्य, ढोल-बाजों के साथ स्वागत किया गया। इससे मतदानकर्मियों के चेहरे खिल उठे। मतदान दलों के आवास के लिए केन्द्रों में बेहतर व्यवस्था बनाई गई है। मतदान दलों के लिए पेयजल, भोजन, बाल्टी, मग, टूथपेस्ट, साबुन, हेंकी, हेंडवॉश, तेल, कंघी, टॉर्च आदि की व्यवस्था की गई है।

### मतदान एवं मतगणना हेतु शुष्क दिवस घोषित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घंटे पूर्व से अर्थात 17 अप्रैल 2024 की शाम 6 बजे से 19 अप्रैल 2024 की शाम 6 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना 4 जून 2024 को संपूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है। आदेश अनुसार शुष्क दिवस, अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, रिसोर्ट तथा बार से किसी भी मदिरा का विक्रय अथवा सेवा प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले के सम्पूर्ण मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, आहार गृह, गैर मालिकाना क्लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रय, वितरण प्रतिबंधित रहेगा।



## खबर संक्षेप

### बारात में बरसे नए, बाजार में चल रहे कटे फटे नोट

**गाडरवारा।** शादी सीजन के चलते मई माह में बाजार गुलजार रहने से व्यापारी खुश जरूर है,किन्तु उनके दिल के कौने से यह टीस भी उठ रही थी कि अच्छी ग्राहकी होने के बावजूद उनकी पेटियों में नए खनकते सिक्के समाने की जगह कटे फटे नोट अधिक गिर रहे थें,व्यापारियों की मानें तो बारातें निकलने के दौरान बैण्डबाजों की धुनों पर युवाओं के झूमते हुए नृत्य करने के दौरान बैंकों से निकाले गए कड़क नोट बरसाये जा रहे थे, वही बाजार में कटे फटे नोटों का इस्तेमाल करते हुए लोग जमकर कपड़ा किराना सामग्री,आभूषणों की खरीददारी कर रहे थे,उधर शहरवासियों का कहना है कि कटे फटे नोट,चिल्लर की कमी से वर्तमान में उन्हें परेशान होना पड़ रहा है,बिजली बिलों की अदायगी,स्टेशन पर रेल टिकिट लेने के समय फुटकर पैसे न होने से उन्हें झंझट झेलना पड़ रही है। वक्त की नजाकत को समझते हुए बड़े दुकानदार तो कटेफटे नोट स्वीकार कर लेते है पर सब्जी,चायपान के विक्रेता जर्जर व टेप लगे नोटों को लेने से इंकार कर देते है,जिससे लग रहा है कि आगामी माहो यदि प्रशासन ने मौन नही तोड़ा तो भले बाजार में थोड़े हल्दी लगे नोट नजर आएँ पर चिल्लर और कटे-फटे नोट की समस्या हल नही हो पायेगी।

### तो क्या इससे जमीन हो सकती है बंजर?

**गाडरवारा।** अगर किसानों ने अपनी आदतें नहीं सुधारीं तो वह दिन दूर नहीं जब उनकी पूरी जमीन बंजर में तब्दील हो जाएगी या फिर उत्पादन इतना कम हो जाएगा कि लोगों को स्वयं का पेट भरना तक मुश्किल हो जायेगा,इसका मुख्य कारण यही है कि गेहूं की कटाई के बाद किसान प्रति वर्ष नरवई खेतों में जलाते चले आ रहे हैं,इस वर्ष गेहूं की कटाई के बाद किसानों ने फिर खेतों में नरवाई जलाना शुरू कर दी है, इससे दिन-प्रतिदिन उपजाऊ मिट्टी की संरचना बिगड़ती जा रही है,उपजाऊ मिट्टी कई प्रकार की फसलों के लिए देश के कोने-कोने में मशहूर है,यहां की मिट्टी में जहां पहले गन्ने का उत्पादन बहुत बड़े स्तर पर होता था,वहीं कुछ क्षेत्रों में बड़े स्तर पर धान उगाई जाती हैं और इनका उत्पादन भी अधिक मात्रा में होता है यही नहीं,उत्पादित होने वाली अरहर की दाल देश के कोने-कोने में मशहूर इसका निर्यात विदेशों में भी किया जाता है,लेकिन अब इन पर धीरे-धीरे ग्रहण लगने लगा है,क्षेत्र का किसान गेहूं की कटाई के बाद गेहूं की नरवाई खेतों में ही जलाता आ रहा है। यह यह क्रम आज से नहीं कई सालों से चला रहा है।

### बेकारी से तंग आ चुके युवा, आजीविका चलाने शासकीय भूमि देने की उठा रहे मांग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर में शैक्षाणिक संस्थाओं का जाल बिछाने से युवा शिक्षित तो हो रहे है किन्तु उन्हे मिलने वाली डिग्रियॉ नगर में रोजगार के अवसर कम होने से बेमानी साबित हो रही है, उल्लेखनीय है कि शासकीय नौकरियो का टोटा होने से शिक्षित बेरोजगार स्थानीय स्तर पर नौकरी तलाशत हुये भटक रहे हैं पर उन्हे क्षेत्र की फैक्ट्रियो में भी कथित कोटे के अनुसार नौकरियॉ नही मिल पा रही है।

### आसान किस्तों पर फाईनेंस के नाम पर भोले भाले नागरिकों से करा लिये जाते हैं दस्तावेजों पर हस्ताक्षर

# शहर से लेकर गांव गांव तक फैली हुई फाईनेंस कंपनियों द्वारा धडल्ले से आमजन की जेबों पर डाला जा रहा डाका..

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** क्षेत्र के नेताओं द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों का परिणाम है कि गाडरवारा क्षेत्र लगातार प्रगति पर तो दिखाई दे रहा है और इसी प्रगति के चलते आज नगर सहित क्षेत्र में व्यापार व अन्य व्यवस्थाओं में भी इजाफा होने लगा है। जिसका परिणाम है कि आये दिन नगर में अनेक प्रकार की बड़ी बड़ी दुकानों के साथ साथ अन्य प्रतिष्ठान भी खुलते चले जा रहे है तो दूसरी ओर देखा जा रहा है कि आमजन की सुविधाएं प्रदान करने के नाम पर नगर में अनेक छोटी बड़ी बैकों द्वारा अपनी ब्रांच खोली जा रही है। वही दूसरी ओर अनेक प्रकार की फाईनेंस कंपनियों ने भी अपने पैर जमा लिये गये है। इस प्रकार से दिनों दिन अपने पैर जमा रही इन फाईनेंस कंपरियों की सच्चाई को लेकर जहां अनेक प्रकार के संदेह पैदा होते हुये जान पड़ रहे है। क्योंकि नगर में जहां तहां स्थापित होने जा रही इन निजी फाईनेस कंपनियों के संबंध में शायद ही कभी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनकी सच्चाई जानने का प्रयास किया गया हो और इसी का परिणाम है कि यह फाईनेस कंपनियों द्वारा क्षेत्र के भोले भाले लोगों को गुमराह करते हुए उनकी जेबों पर डाका डालने से भी नही चूक रही है? यह अलग बात है कि पूर्व में हमारे जिले के नेताओं से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा वाही वाही लूटने के उद्वेश्य से जिलो को पूर्ण साक्षर होने का खिताब जरूर दिला दिया गया है। मगर आज भी शहर से लेकर गांवों में निवास करने वाले अनेक लोग इस प्रकार से है जिन्हें अंगूठा लगाते हुये देखा जाता है और इस समय जहां तहां चल रहे अंग्रेजी के बोल बाला ने तो स्थानीय स्तर पर पढ़ाई करने वाले युवाओं को भी गुमराह होने के लिये मजबूर कर दिया गया है। इस सच्चाई का लाभ बाहर से









आने वाली अनेक निजी फाईनेस कंपनियों द्वारा धडल्ले से उठाया जा रहा है? बताया जाता है कि नगर में संचालित होने वाले अनेक बड़े बड़े प्रष्ठिानों द्वारा अपने सामग्री बेचने के लिये इन निजी फाईनेस कंपनियों से जुगल बंदी जमाते हुये जहां दुकानदारों द्वारा अपनी सामग्री का विक्रय करते हुये आमजन को फाईनेस तो करा दिया जाता है और बाद में इन कंपनियों द्वारा जिस प्रकार से आम लोगों की जेबों पर डांका डाला जाता है? इस बात की सच्चाई इस समय नगर में उन लोगों से चर्चा करने के दौरान मिल रही है जिन्होंने नगर की दुकानों से खरीदी गई सामग्री को फाईनेस कराया गया है? इस संबंध में मिल रही जानकारी के अनुसार नगर में जहां तहां स्थापित हुई बाहरी फाईनेस कंपनियों द्वारा नगर के बडे बड़े शोरूमों की शह पर धडल्ले से आम लोगों को लूटने में कोई कसर नही छोड़ रही है। जबकि देखा जावे तो कुछ साल पहले प्रदेश के मुखिया द्वारा भी इस प्रकार से भोले भाले लोगों को गुमराह करते हुये पैसा ऐठने वाली कंपनी माफियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के आदेश दिये गये थें..? तो दूसरी ओर इन निजी फाईनेंस कंपनी की कारगुजारियों को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किया जा रहा है। मगर इस ओर न तो प्रशासन द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है और और नही पुलिस द्वारा जिसका परिणाम है कि नगर सहित क्षेत्र के गांवों में अनेक लोग इन फाईनेस कंपनियों के शिकार होते हुये आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए मजबूर हो रहे है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब कोई व्यक्ति किसी बड़े शोरूम या दुकान पर कोई सामग्री खरीदने के लिए पहुंचता है तो दुकान की संचालक या उसके कर्ताधर्ताओं द्वारा अपने ग्राहक से खुले शब्दों में कहा जाता है कि यह सामग्री उन्हें फाईनेस करा दी जावेगी और उसमें कोई परेशानी नही होगी। इस प्रकार से बडे बड़े शोरूमों का संचालन करने वाले कर्ताधर्ताओं के बातों में जब फस जाते है तो वह खुद की फाईनेस कंपनियों के लोगों बुलाते हुये अपनी सामग्री विक्रय करते हुये ग्राहक को आसान किस्तों पर भुगतान करने की सुविधा दिला दी जाती है और इसके बदले में भोले भाले ग्राहकों से से चेंक बुक सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों में हस्ताक्षर ले लिये जाते है। मगर इसके बाद शुरू हो जाता है इन फाईनेस कंपनियों द्वारा लूटने का कार्य जिसके चलते आम उपभोक्ता को सामग्री खरीदते समय फाईनेस के नाम पर बताई गई सच्चाई से संपूर्ण विपरित कार्य शुरू हो जाता है। जब कोई उपभोक्ता अपनी किस्त रूपी राशि जमा करता है तो इन फाईनेस कंपनी द्वारा न तो उस जमा राशि के बदले कोई रसीद प्रदान की जाती है और न ही ऐसा कोई पुरूप दिया जाता है जिससे उपभोक्ता यह बात साबित कर सके कि उसके द्वारा इतना भुगतान किया जा चुका है? जब उपभोक्ता द्वारा फाईनेस के रूप में राशि बसूलने व बाकी के संबंध में फाईनेस कंपनी के संचालकों से चर्चा करता है तो उनके द्वारा जमा किये जाने वाली राशि के बाद भी जो बाकी निकलता है उसे सुनकर उसके पैरो तले से जमीन गायब होते हुई इसलिये दिखाई देने लगती है कि जो सामग्री उसके द्वारा खरीदी गई थी और दुकानदार द्वारा जो रेट बताया गया था उससे काफी अधिक हो जाती है और इस संबंध में जब वह सामग्री विक्रय करने वाले शोरूमों या फिर दुकानदार से चर्चा करता है तो वहां से उसे एक ही जबाव मिलता है कि भाई अब इसमें हम कुछ नही कर सकते है इस संबंध में तो फाईनेस कंपनी वाले ही जाने? इस प्रकार से फाईनेस के नाम पर लोगों की जेबो पर धडल्ले से डाका डालने की लीला नगर में आम बात होती चली जा रही है। यदि कोई व्यक्ति किसी फाईनेस कंपनी की शिकायत करने की हिम्मत जुटाने का प्रयास करता है तो फाईनेस कंपनियों द्वारा उसके सामने वह चेक बुक पेस कर दी जाती है जिसके चेकों पर बगैर तारीख व बगैर राशि के हस्ताक्षर कराने के साथ साथ वही अंग्रेजी वाले दस्तावेज पेश कर दिया जाते है जिन्हें कम पढ़े लिखे हुये नगर के व्यक्ति द्वारा दुकानदानों की लच्छेदार बातों में आकर फाईनेस कपंनी को सौप दिये गये होते है? इस प्रकार से नगर में धडल्ले से अनेक निजी कंपनियों द्वारा आम लोगों की जेबों पर डाका डालते हुये देखा जा रहा है, जिसके चलते आम लोग शोरूम संचालको व फाईनेस कंपनियों की मिली भगत के चलते अपने आपको लुटा हुआ महसूस करने से नही चूक रहे है?

## खुलरी में निकली जवारे कलशों की भव्यता के साथ विशाल शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** निश्चित तौर से माता रानी की शक्ति के आगे सब कुछ फीका पढ़ इस बात की सच्चाई बीते हुये 9 दिनों के दौरान माता रानी की आराधना मे डूबे हुये भक्तों में देखने मिली जहां अपन अनेक महिला पुरूष पूर्णरूप से निर्जना ब्रत धारण करते हुये माँ अम्बे की आराधना में लीन दिखाई पड़ तो दूसरी ओर जब ग्राम के खेरापति माता मंदिर पर स्थापित हुये सैकड़ो की संख्या कलश जबारों का विसर्जन जुलूस निकला तो पूरा गांव भक्ति में डूब गया। ज्ञात हो कि यहां पर लगातार बी हुये 61 वर्षो से जवारे स्थापित होते चले आ रहे है। इस तरह जवारों के विसर्जन जुलूस ने भरे गांव को देवी मा की आरधना में लीन होने के लिये मजबूर कर दिया गया था। बताया जाता है कि नवरात्रि के 9 दिनों तक भले भक्ति, आस्था और



उमंग के पावन पर्व पर विशेष पूजन अर्चन कर ग्राम खुलरी खेरापति मंदिर माता मुहल्ला से जवारों का विसर्जन जुलूस यानि की विशाल शोभा यात्रा रामलीला मैदान पंचायत भवन से निकाली गई। इस तरह ग्राम की रक्षक माने जाने वाली खैरापति मंदिर पर सार्वजनिक तौर से स्थापित किये गये घट कलश व जवारों के विसर्जन के लिये माँ के दरबार से एक विशाल शुभायात्रा का शुभारंभ हुआ जो रामलीला मैदान पहुंचते ही वहां पर अनेक श्रद्वालुओं ने माँ भगवती का पूजन अर्चन करने के बाद यह शोभायात्रा आगे की रवाना होते हुये ग्राम में नीम वाली माता मंदिर, मदरसा परिवार, काला देव कतिया मुहल्ला में रखे जवारे कलश की सत्साह के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान देखा गया कि खेरापति माता मंदिर के पंडाओं ने बाने पहनकर झुरैईया में नृत्य किया गया। इस बीच खुलरी के नव यवकों द्वारा जगह जगह ठंडे पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं से भक्तों का स्वागत किया गया। वही इस विसर्जन जुलूस में शामिल महिलाये जहां अपने सिरों पर जवारे कलश रखे हुये मातारानी का भाव आने के कारण इस तरह चल रही थी की माना मातारानी की खुलरी के मार्गो पर अपने भक्तों को आर्शीवाद प्रदान करने के लिये आ पहुंची है। वही दूसरी ओर अनेक पंडा अपने कालों में त्रिशूल को आरपार करते हुये अनेक प्रकार से नृत्य करते हुये भक्तों का आर्शीवाद प्रदान करते हुये देखे जा रहे थें। नगर के खेरापति मंदिर को लेकर बताया जाता है कि यहां पर जिले से ही नही बल्कि अन्य जिलों से भी साल भर भक्तों का आना जाना लगा रहता है। क्योंकि जो भी भक्त अपनी कामना लेकर आता है तो खाली हाथ नही लोटता है।

## बैकों द्वारा स्थापित किये एटीएम में लगा गंदगी का अम्बार

### अधिकारियों से शिकायत करने पर नहीं हो रही है तो मैं क्या करू मिलता है जबाब



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** बैकों द्वारा अपने ग्राहकों को अपने खातों के लेनदेन को लेकर सभी प्रकार की सुविधाये उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर जब उपभोक्ता बैक शाखाओं में पहुंचते है तो वहां पर अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का रवैया इस तरह से देखने मिलता है कि बैक उपभोक्ता इन अधिकारियों का गुलाम बना हुआ हो..? वही दूसरी ओर बैकों द्वारा उपभोक्ताओं को राशि निकालने के लिए एटीएमों की स्थापना जरूरी की गई है। मगर उन एटीएमों को साफ सफाई के प्रबंध नही किये जाने के चलते गंदगी का अम्बार लगा हुआ देखा जाना आम बात बन चुकी है। इस बात की सच्चाई इस समय नगर के शासकीय चिकित्सालय मार्ग पर स्थित बैंक आफ इंडिया के बाजू में स्थित एटीएम केन्द्र पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि यहां पर सुचारू रूप से सफाई नही होने के चलते जहां एटीएम के अंदर गंदगी का आलम देखाई दे रहा है तो इस सच्चाई को लेकर जब उपभोक्ताओं द्वारा बैक अधिकारियों से शिकायत की जाती है तो उनका इस तरह गैर जिम्मैदाराना जबाब हम सफाई नही हो रही है तो मैं क्या करू...? निश्चित तौर से बैक की शाख पर बट्टा लगाने से नही चूक रहा है? इतना ही नही इस तरह आमजन के लिये आने जाने वाला यह प्रमुख स्थल सार्वजनिक स्थल के श्रेणी में आने के बाद भी यहां पर गदंगी का अम्बार भारत सरकार के स्वच्छता अभियान पर भी ग्रहण लगाने से नही चूक रही है।

## 85 प्लस बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने घर से किया मतदान

### घर बैठे मतदान सुविधा मिलने दिखाई दे रही खुशी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता था कि जब मतदान प्रक्रिया शुरू होती थी तो मतदान केन्द्र पर इस तरह के मतदाताओं को मतदान करने के लिये पहुंचते हुये देखा जाता था कि जो वृद्व होने के साथ साथ चलने में लाचार होते थें और उन्हें परिवार जन अनेक प्रकार के साधनों के माध्यम से मतदान कराने के लिये मतदान केन्द्रो पर लेकर पहुंचते थें। मगर बीते हुये विधान सभा चुनाव से निर्वाचन आयोग द्वारा इस तरह के मतदाताओं को अपने घर बैठे मतदान करने की जो सुविधा उपलब्ध कराई गई उसके चलते अब वृद्व व दिव्यांग मतदाता अपने घर पर बैठे हये मतदान कर सकते है। इस तरह विधान सभा के बाद अब लोकसभा चुनाव के दौरान घर बैठे मतदान की प्रक्रिया आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक रही है। वही निर्वाचन आयोग द्वारा कहा जा रहा है कि बुजुर्गों ने अपना कर्तव्य निभा लिया, अब आप भी अपना कर्तव्य जरूर निभाएं अपनी ऊंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाकर कुछ ऐसा ही संदेश बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को दिया। इस तरह 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के लिए मतदान केंद्र तक नहीं जाना पड़े, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मतदाताओं को उनकी स्वेच्छानुसार घर से ही मतदान करने (होम वोटिंग) की सुविधा दी गई है। लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्र.- 17 होशंगाबाद के अंतर्गत आने वाली 121-विधान सभा क्षेत्र गाडरवारा के अंतर्गत 85 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं व दिव्यांग मतदाताओं ने घर से बैलेट मतदान करने की इस सुविधा का लाभ उठाया। इसके तहत गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पनागर में 110 वर्षीय श्रीमती मुलिया बाई, ग्राम तूमड़ा की 105 वर्षीय श्रीमती गौरी यादव व पतलोन की 104 वर्षीय श्रीमती शांति, मेहरागांव के 103 वर्षीय फूल सिंह राजपूत, हनुमान वार्ड गाडरवारा की 94 वर्षीय श्रीमती गनेशी बाई, हनुमान वार्ड गाडरवारा के 93 वर्षीय हरप्रसाद, ग्राम तूमड़ा के 92



वर्षीय गुलाब किरार, बाबईकला- सालीचौका के बुजुर्ग दम्पत्ति 91 वर्षीय दरोगी यादव व 86 वर्षीय श्रीमती शांति बाई यादव 86, चावड़ी वार्ड गाडरवारा की 90 वर्षीय श्रीमती फुलिया बाई, मेहरागांव गाडरवारा की 86 वर्षीय श्रीमती रेशम बाई समेत अन्य बुजुर्ग महिला व पुरूष और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की इच्छा जताई। आवेदन मिलने पर मतदान दल सक्रियता दिखाते हुए शतायु मतदाता के घर पहुंचा और उनसे मतदान कराया। घर से मतदान की सुविधा मिलने पर उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग का हृदय से आभार जताकर अपनी खुशी व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने युवा मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भागीदारी कर मतदान जरूर करने का संदेश भी दिया। इस तरह विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा में बैलेट के माध्यम से 119 मतदाताओं ने घर से किया मतदान। वही बताया जाता है कि विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा के अंतर्गत कुल 122 मतदाताओं में से 119 मतदाताओं ने घर से बैलेट मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाया। इनमें 85 प्लस में 104 और दिव्यांग में 18 मतदाता हैं, जिसमें 85 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं में से 60 महिला व 41 पुरूष और पीडब्ल्यूडी मतदाताओं में 5 महिला व 13 पुरूष ने बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान किया। गाडरवारा विधानसभा के अंतर्गत 13 रूट पर मतदान दल द्वारा घर- घर जाकर मतदान सम्पन्न कराया गया। शेष 3 मतदाताओं में से एक मतदाता की मृत्यु व दो मतदाता अनुपस्थित पाये गये।

## सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ा रहे ट्रैक्टर, कृषि कार्य की जगह अन्य कार्यों में नियम विरूद्व हो रहा उपयोग

**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** शहर में वाहनों की अंधा धुंध रफ्तार और इनकी बढ़ती हुई संख्या से आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं। अक्सर देखा जाता है कि सड़क पर जिन वाहनों की संख्या ज्यादा होती है, उनमें से मुख्य हैं कृषि कार्यों में प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर जिनका सही मायने में देखा जावे तो रजि. सिर्फ कृषि कार्य के रूप में होता है। मगर लोगों द्वारा कृषि कार्य के नाम पर पंजीयन कराते हुये उनका उपयोग पूर्ण रूप से व्यवसाय में किया जाता है। जिसमें खुलेआम नियमों को नजर अंदाज करते हुये रेत का परिवहन करने के अन्य प्रकार का माल के साथ सवारियां ढ़ोने से इन ट्रैक्टर चालकों की वजह से ज्यादातर दुर्घटनाएँ होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। क्योंकि इनमें लगी ट्राली ट्रैक्टर मालिकों की अतिरिक्त आय का जरिया बन चुकी है? बिना टैक्स अदा करे निर्विघ्न रूप से क्षेत्र की सड़को पर तेज गति से दौड़ते यह ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर हादसों का प्रमुख करण बनने से नही चुके रहे है। मगर इसके बावजूद प्रशासन, परिवहन विभाग एवं पुलिस दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हुए दौड़ने वाले इन वाहनों पर कार्यवाही करने में अक्षम सिद्ध हो रहे हैं? प्रशासन की इस लापरवाही का खामियाजा उन निरीह और बेबर नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। यह जानकर हैरत होगी कि हाईवे पर घटित अधिकांश दुर्घटनाओं के कारण ये ट्रैक्टर ट्राली ही माने जाते है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धडल्ले से सड़को पर रेत लेकर दौड़ने वाले इन ट्रैक्टर ट्रालियों को पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मात्र उनकी रेत रायल्टी देखते हुये छोड़ देते है जबकि रेत या फिर मिट्टी परिवहन करने वाले वाहनों का खजिन विभाग में पंजीयन होना अति आवश्यक होता है तभी वह रेत या फिर अन्य प्रकार के खनिज का परिवहन कर सकते है, मगर इसके बाद भी न तो आरटीआई विभाग द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान दिया जा रहा है और न ही पुलिस के अधिकारियों द्वारा जिसके चलते कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत इन ट्रेक्टर ट्रालियों को दो ताराधारी जिम्मेदार अधिकारी लक्ष्मी नारायण का पूजन करते हुये अभयदान प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस तरह ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र में आने वाले ट्रैक्टरों के पीछे लगी ट्राली में माल को लादने के बाद उसके ऊपर इतनी सवारियां बैठा लेते हैं कि उसे देखकर लोगों को अचंभित होना पड़ता है कि आखिर ये सवारियां बिना सहारे के कैंसे बैठती हैं? क्योंकि ट्राली में पकड़ कर बैठने का कोई साधन नहीं होता जो यात्रियों को हिलने डुलने या गिरने से बचा सके तथा कम किराये एवं घर से गंतव्य तक पहुँचने के कारण इन यात्रियों को मौत का भय भी नहीं लगता है, वही देखा जाता है कि ऊबड़ खाबड़ रास्ते एवं हिचकोले खाता हुआ ट्रैक्टर और उस पर सवार ग्रामीणों को ईश्वर का ही सहारा होता है अन्यथा ट्रैक्टर चालक को तो यह पता भी नहीं होता कि बैठे लोग किस मुसीबत को सहन कर रहे हैं, जिसमें अब ऐंसे ग्रामों की संख्या दो अंकों में ही होगी जहाँ आधुनिकता की निशानी यह कृषि यंत्र न होकर अब यह रेत, गिट्टी, मिट्टी, ईंट, लोहा, विल्डिंग मटेरियल एवं अन्य सामग्रियों को ढोने वाले वाहन बन चुके हैं। जबकि सही मायाने में देखा जावे तो ट्रेक्टर का उपयोग मात्र खेती के लिए ही होता है और इसी के चलते ट्रेक्टर ही हर ट्राली पर कृषि कार्य हेतु लिखा रहता है, मगर इसके बाद भी धडल्ले से लोगों द्वारा संपूर्ण नियम कायदे कानूनो को दर किनार करते हुए इन ट्रेक्टरों का उपयोग अब खेती की जगह व्यवसाय में किया जा रहा है, इतना ही नही यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो अनेक ट्रेक्टर मालिक तो इस प्रकार से देखे जा रहे है जिनके पास खेती के नाम पर जमीन ही नही है।

## अधिकारियों की अनदेखी के चलते बदहाली का शिकार हो रही नेकी की दीवार...?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर में गरीबों की मदद की सोच रखते हुये बीते हुये दो साल पहले जिस तरह नगर पालिका परिषद में प्रशासक कार्यकाल चल रहा था उस समय नगर में पदस्थ नये नबेले अधिकारियों द्वारा शहर की पानी टंकी के पास एक नेकी की दीवार के नाम से संस्थान बनाया गया था जहां पर इस बात को उल्लेख किया गया था कि लोगों के द्वारा अपने घरों में इस तरह के कपड़े जो उनकी जरूरत के न हो वह यहां पर रख जावे और दूसरी ओर लिखा गया था कि इन कपड़ो की जिन्हें जरूर हो वह यहां से उठा ले जावे..? इस तरह क्षेत्र में पहली बार बागडोर संभालने वाले इन अधिकारियों की इस पहल को देखते हुये जहां काफी प्रशंसा की जा रही थी तो दूसरी ओर नगर पालिका स्तर पर बनाई गई इस नैकी की दीवार के निर्माण में निश्चित तौर से नगर पालिका द्वारा काफी पैसा खर्च किया गया होगा जो नगर पालिका के सरकारी मद से निकला गया होगा..? मगर इस नेकी की दीवार की स्थापना होने से निश्चित तौर से नगर के लोगों द्वारा इस बात का अपनी प्रसन्नता जाहिर की गई थी कि सरकार का भला ही पैसा जरूर इसमें लगा दिया गया है। मगर इसका लाभ निश्चित ही गरीबों को मिलेगा और यहां पर लोग अपने कपड़े रख जावेगे जिन्हे जरूरत मंद उठा ले जावेगा? क्योंकि इस तरह अच्छी सोच रखने वाले अधिकारियों द्वारा गरीबों के हितों का इस तरह ध्यान रखा जा रहा है तो निश्चित तौर से उनके द्वारा एक लाख से भी अधिक की सरकारी राशि खर्च करते हुये बनाई गई इस नेकी की दीवार पर अपनी निगरानी रखेगे और उसका ठीक ठाक तरीके से संचालन होता रहेगा? मगर कहा जाता है कि कुछ चीजे इस तरह की होती है कि उनमें मनमानी सरकारी धन राशि खर्च हो जाती है और वह सिर्फ अखबारों की सुर्खिया बनने के साथ अधिकारियों व जिम्मेदारी वाही वाही लूटने के बाद अनदेखा जरूर कर दिया जाता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय लगभग दो साल पहले नगर पालिका के प्रशासक कार्यकाल के दौरान स्थापित की गई इस नेकी की दीवार में देखने मिल रही है जहां पर नगर के लोग अपने उपयोग में न आने वाले कपड़ो को तो यहां पर लगातार रखते चले जा रहे है। मगर इन कपड़ो की अधिकारियों द्वारा किसी तरह से देख रेख के लिये व्यवस्था नही किये जाने के कारण इस समय यह नेकी की दीवार बदहाली का शिकार होने के कारण हालत यह बने है कि कपड़े रखने के लिये बनाये केबिन जहां खाली नजर आ रहे है तो संपूर्ण कपडे जमीन पर पड़े दिखाई दे रहे है? इस सच्चाई को देखते हुये लोग हैरत में पड़ने से इसलिये नही चूक रहे है क्योंकि जिस नगरपालिका प्रशासन द्वारा इसके निर्माण में लाख रूपया की राशि खर्च करते हुये निर्माण कराया गया है मगर उसी नगर पालिका से चंद कदम दूरी पर स्थित इस नेकी की दीवार की बदहाली पर नगर डालना भी उचित नही समझा जा रहा है।



**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने मतदान दलों और सामग्री के लिए वाहन व्यवस्थाओं का जायजा लिय



**डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में 19 अप्रैल को प्रथम चरण में मतदान किया जाना है, जिसके लिए 18 अप्रैल को सुबह मतदान दलों को रवाना किया जाना है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने मतदान दलों के परिवहन व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन के लिए आई बसों की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बसों में कोई भी तकनीकी खराबी आने पर उसे तुरंत ठीक करने की व्यवस्था हो। जिसके लिए गाड़ी मैकेनिक की पहुँच सुगम हो।

मतदान दलों को सामग्री के साथ बस, टैक्सी के माध्यम से रवाना किया जाएगा। प्रत्येक बस में जीपीएस लगाया गया है, जिसकी निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। परिवहन के लिए बसें मतदान दलों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने और वापसी का कार्य करेंगी। परिवहन के लिए आए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था केंद्रीय विद्यालय के मैदान में की गई है।

## श्री कल्याण सेवा आश्रम में विश्व कल्याण के लिए किया गया हवन

**अमरकंटक।** चैत्र नव रात्रि के प्रारंभ दिवस से कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक में विश्व कल्याण के उद्देश्य से एवं सनातन धर्म का पूरे विश्व में वर्चस्व बने तथा वर्तमान समय में जिस तरह की प्राकृतिक आपदाएं हो रही है जो कि मनुष्य जीवन के लिए उचित नहीं है उन सबके रोकथाम एवं मनुष्य का जीवन सामान्य बना रहे। इस कल्याण हेतु नवदिवसीय हवन किया गया कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध निवासी स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज ने बताया की हवन करने से अनेकों अनेक फायदे हैं सर्वप्रथम तो हमारे आसपास के वातावरण पूर्णतया शुद्ध हो जाता है एवं सनातन धर्म में हवन का अपना ही महत्व है पुरातन जमाने से साधु संत हवन करते आ रहे हैं इस परंपरा का निर्वहन करते हुए हम लोग भी साल भर कोई ना कोई हवन करते रहते हैं चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर पूरे नव दिवस आश्रम परिसर में विशेष हवन का आयोजन किया गया। इसका मूल उद्देश्य प्राकृतिक आपदाएं ने घअे एवं जन कल्याण हो सके इस कामना के साथ हवन किया गया हवन करने के लिए विद्वान पंडितों के एक समूह को चयन किया गया जो पूरे नौ दिवसीय हवन को संपन्न करें उनकी जिम्मेदारी स्वामी धमानंद महाराज को मिला जिसका दायित्व इन्होंने पूरे परिश्रम एवं लगन के साथ संपन्न कराया। पूरे 9 दिवसीय रात्रि कालीन हवन के पश्चात कन्या पूजन एवं कन्या भोजन के प्राप्त हवन समाप्ति की गई।

## भक्ति भावना के साथ श्री राम जानकी मंदिर में मनाया गया रामनवमीं का पर्व

**अनूपपुर।** रामनवमी के पावन अवसर पर श्री राम जानकी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम भक्ति-भावना के साथ मनाया गया। मंदिर में मां भगवती की आकर्षक प्रतिमा स्थापित होने के कारण विगत 9 दिन से माता रानी की पूजा, अर्चना का कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा। पूरी तरह से मंदिर को भव्य एवं आकर्षक रूप से सजाया गया था।चैत्र नवरात्रि के दिन परंपरानुसार श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर प्रांगण में सुबह 10 बजे से हरि नाम संकीर्तन सभा की तरफ से रामायण गायन का कार्यक्रम रखा गया एवं ठीक 12 बजे भगवान श्री राम के जन्म के साथ पूजन, आरती एवं प्रसाद का वितरण किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। संपूर्ण कार्यक्रम भक्ति भावना से परिपूर्ण एवं भारी उत्साह एवं हर्षोल्लास भक्तों की भारी भीड़ के साथ संपन्न हुआ।

### ईवीएम में कैद होगी प्रत्याशियों की किस्मतः सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

# लोकतंत्र का उत्सव





## लोकतंत्र के महापर्व में जिले के 5 लाख 21 हजार 284 मतदाता निभायेंगे सहभागिता

डिंडौरी

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मंडला संसदीय क्षेत्र अंतर्गत डिंडोरी जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान से पूर्व प्रातः 5.30 बजे सभी मतदान केन्द्रों में मॉकपोल किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में 655 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें विधानसभा शहपुरा में 336, डिंडौरी में 319 मतदान केन्द्र नियत किए गए हैं। इन मतदान केंद्रों में महिला मतदान केंद्र 50, आदर्श मतदान केंद्र 28, दिव्यांगजन मतदान केंद्र 02, संवेदनशील मतदान केंद्र 138, नक्सल प्रभावित मतदान केंद्र 40 हैं। सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए छाया तथा पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सभी केन्द्रों में रैम्प, व्हीलचेयर, बिजली, पेयजल, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

### 259569 पुरूष, 261703 महिला तथा 12 थर्डजेंडर

जिले में कुल 521284 मतदाता हैं जिनमें 259569 पुरूष, 261703 महिला तथा 12 थर्डजेंडर मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा शहपुरा में कुल 271083 मतदाता हैं जिनमें 135237 पुरूष, 135844 महिला एवं 2 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। विधानसभा डिंडौरी में कुल 250201 मतदाता हैं जिनमें 124332 पुरूष, 125859 महिला एवं 10 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं।

### 8379 पीडब्ल्यूडी तथा 1002 सर्विस वोटर मतदाता

जिले में कुल 8379 दिव्यांग तथा 172 सर्विस वोटर हैं। जानकारी के अनुसार शहपुरा में 5118 पीडब्ल्यूडी तथा 90 सर्विस वोटर हैं। विधानसभा डिंडौरी में 3261 पीडब्ल्यूडी एवं 82 सर्विस वोटर हैं।

### 80 वर्ष से अधिक आयु के 1960 मतदाता

जिले में 80 वर्ष से अधिक आयु के कुल 1960 बुजुर्ग मतदाता हैं। जिनमें विधानसभा शहपुरा के 1241, डिंडौरी के 719 मतदाता शामिल हैं।

### 69293 मतदाता पहली बार करेंगे मतदान

जिले में 18-19 आयु वर्ष से अधिक आयु के कुल 69293 मतदाता हैं जो लोकसभा निर्वाचन में पहली बार मतदान करेंगे। जानकारी के अनुसार विधानसभा शहपुरा में 8569, डिंडौरी में 7438 मतदाता 18-19 आयु वर्ग के हैं। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से संपूर्ण व्यवस्था की जा रही है। साथ ही निर्वाचन कार्य की निगरानी के लिए भी वेबकास्टिंग और सीसीटीव्ही का सहारा लिया जा रहा है। मतदान केन्द्रों में पुलिस व्यवस्था के लिए मिजोरम, छटवीं वाहिनी जबलपुर, 26 वीं वाहिनी गुना, छत्तीसगढ़ के होमगार्ड, बडवानी के जिला पुलिस बल तैनात किए गए हैं। मिजोरम पुलिस के जवान संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर रहेंगे।

## नागरिकों में मतदान का रुझान बढ़ाने 'बेस्ट सेल्फी विद इंक' कैंपेन



### मोबाइल नंबर 8989666426 पर भेजें फोटो

**डिंडौरी।** लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत पहले चरण में 19 अप्रैल को मंडला संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है, लोकतंत्र के महापर्व को लेकर प्रत्येक मतदाता अपने अमूल्य मतदान के लिए उत्सुक और तैयार है। इसी खुशी को और अधिक बढ़ाने के लिए हरिभूमि प्रबंधन ने सेल्फी विद इंक प्रतियोगिता आयोजित की है ,जिसके माध्यम से मतदाताओं की फोटो अगले अंक में प्रकाशित की जाएगी।

### -मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य

मतदान प्रत्येक व्यक्ति के लिए अहम है। इस दिन प्रत्येक व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि देश के प्रत्येक नागरिक का मत ही देश के भविष्य की मजबूत नींव बनाता है। मतदान नागरिक का अधिकार है, साथ ही यह एक महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकारें बदल सकती हैं, देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है। मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश का शासन करते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें। एक अच्छी सरकार का चुनाव करने से देश का विकास होता है। देश में शांति और समृद्धि आती है। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में महिलाओं, बच्चों और दलितों के अधिकारों की रक्षा हो। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और समाज में बदलाव लाएं। इसी तारतम्य में हरिभूमि बेस्ट सेल्फी विथ इंक कैंपेन चला रहा है जिसमे मतदाता हमारे ह्वाट्सऐप नंबर में इंक लगी फोटो के साथ सेल्फी भेज सकते है जिसको हम अगले अंक में प्रकाशित करेंगे ।

## कलेक्टर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला पुरानी डिंडौरी, शासकीय प्राथमिक शाला खुरकी टोला डिंडौरी, माध्यमिक शाला धनुवासागर, प्राथमिक शाला चटुवा, माध्यमिक शाला घानाघाट, शासकीय प्राथमिक शाला कोहका, शासकीय प्राथमिक शाला डांडबिछिया, शासकीय प्राथमिक शाला कूड़ा, मिनी आंगनवाड़ी सरैहन टोला, शासकीय माध्यमिक शाला पुरानी डिंडौरी में मतदान हेतु तैयारी और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने मतदान केंद्रों में पेयजल व्यवस्था, मेडिकल किट, रैंप, मतदान दल के लिए शौचालय आदि व्यवस्थाओं के बार में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। सुव्यवथित तरीके से कार्य करें जिससे निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न हो सके।

## कलेक्टर ने मतदान दलों के सामग्री वितरण की तैयारी की समीक्षा की

**डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा मंडला संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाली डिंडोरी जिले के विधानसभा क्षेत्र 103 शहपुरा एवं 104 डिंडोरी के मतदान दलो को सामग्री का वितरण के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशन में मॉकड्रिल का आयोजन शासकीय चंद्र विजय कॉलेज में किया गया। जिसके तहत कलेक्टर श्री मिश्रा ने सामग्री वितरण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईवीएम मशीन, स्ट्रांग रूम, मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिए बनाये काउंटर, मतदान दलों के लिए पेयजल आदि व्यवस्था की जानकारी ली।

शासकीय चंद्रविजय कॉलेज में शहपुरा और डिंडोरी विधानसभा के लिए मतदान दलों की अलग अलग व्यवस्था की है। मतदान दलों को ड्यूटी चार्ट, सामग्री वितरण, मतदान केंद्रों तक रवानगी आदि की जानकारी दी गयी और सभी को 18 अप्रैल को सुबह शासकीय चंद्रविजय कॉलेज पहुंचने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि मतदान के बाद विधानसभा 103 शहपुरा एवं 104 डिंडोरी के लिए मतदान दलों की



वापसी 19 अप्रैल को शासकीय चंद्रविजय कालेज में मतदान की समाप्ति के बाद होगी। इसके लिए विधानसभावार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ड्यूटी में बेहतर कार्य करने के लिए ड्यूटी का विभाजन उचित रूप से किया गया है,जिससे कोई भी दुविधा ना हो। कलेक्टर ने समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि सभी ड्यूटी में संलग्न कर्मचारी और अधिकारी समय पर पहुंच कर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के निर्देशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।

## रामकथा राज्य अभिषेक के साथ हुआ कथा का समापन



### हसदेव क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक संजय मिश्रा ने किया राम जी का राज्याभिषेक

**राजनगर।** राजनगर में 23 वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री सत चंडी महायज्ञ एवं श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन राजनगर काली मंदिर प्रांगण में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक सम्पन्न हुई। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी रामकथा की भक्तिमयी गंगा में डुबकी लगाई। कथा समापन के दिन श्री श्री 1008 श्री शेषनारायणाचार्य महाराज द्वारा राम जी का राज्याभिषेक हसदेव क्षेत्र के प्रबंधक संजय मिश्रा द्वारा कराया गया। द्वारकाधीश अस्सी बनारसी द्वारा आयोजित रुद्र महायज्ञ राजनगर परिवार के द्वारा किया गया है। जहां नगर की महिलाएं पुरुष बच्चे यज्ञ भगवान के परिक्रमा कर पुण्य के भागीदार बने एवं रात्रि 8 बजे से कथावाचक बाल विदुषी शिखा तिवारी वाराणसी के द्वारा संगीतमयी राम कथा का प्रवचन किया गया। जिसमे मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म से लेकर ताड़का वध, सीता स्वयम्बर, राम सीता विवाह, राम वनगमन, सूर्पनखा लक्ष्मण संवाद, मृग मारीच प्रसंग, शबरी मिलन, सुग्रीव हनुमान मिलन, जटायू प्रसंग, शिव स्तुति, लंका कांड, राम रावण युद्ध, राज्याभिषेक सुंदरकांड की रामकथा वाचक बाल विदुषी शिखा तिवारी द्वारा संगीतमय रामकथा को सुनने के लिए भारी संख्या में नगर के महिला पुरुष यज्ञ स्थल पर पहुंच रहे हैं। राज्य अभिषेक के दौरान हजारों की संख्या में महिला और पुरुष आनंदित हुए व भक्तिभाव से भगवान राम का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। भगवान राम सीता के पैर पखारे गए मंगल गीत महिलाओं के द्वारा गाए गए राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे यह भक्ति गीत का गायन भी हुआ। कमेटी के द्वारा हसदेव अध्यक्ष के मुखिया महाप्रबंधक संजय मिश्रा का श्रीफल और शॉल द्वारा स्वागत किया गया। जिसमें उप क्षेत्रीय प्रबंधक जितेंद्र कुमार कमेटी के विनोद तिवारी और कमेटी के सभी सदस्य द्वारा महाप्रबंधक का स्वागत किया गया। महाप्रबंधक संजय मिश्रा द्वारा उद्बोधन में कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि यह महायज्ञ करीब 23 साल से चल रहा है और मैं सभी श्रद्धालुओं से सहयोग के साथ यह कहूंगा कि यह ऐसे ही अनवरत चला रहे और मां की कृपा सब पर बनी रहे। आप लोग इस अमृतवाणी का रसपान किए मैं उम्मीद करता हूं, कि यह आयोजन लगातार जारी रखें जब तक यह खदान है। इससे आप जीवन में सनातन धर्म से जुड़ते हैं और जीवन में जीने की कला सीखते हैं। समापन के दिन दोपहर 1 बजे से महाभंडारा प्रारंभ हुआ। जो अनवरत शाम 5 बजे तक चला जिसमें नगर के हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारा का महाप्रसाद पाया।

## हैण्डपंप पानी की जगह उगल रहे हवा

### भीषण गर्मी में क्षेत्रवासी पीने के पानी के लिए मोहताज

कोतमा।



वर्तमान में भीषण गर्मी शुरू हो गई है। कड़ाके की धूप पड़ने लगी है लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो रहा है वही नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण नगर के वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव में चार दिनों से नल जल योजना के तहत पेयजल की सप्लाई नहीं की गई जिसके कारण वहां के रहवासियों को पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोविंदा गांव में हैंडपंप भी सफल नहीं है चूंकि जो हैंड पंप लगे हैं उसे हवा निकल रही है जिसके कारण महिलाओं एवं बच्चों को पीने के पानी के लिए दूर जाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि चार दिनों से फिल्टर में लगा मोटर जल गया है जिसके कारण पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जबकि वार्ड क्रमांक 11 मे दो मोहल्ले आते हैं गोविंदा गांव एवं कदम टोला जिसकी आबादी लगभग 1000 की है और नगर पालिका के द्वारा टैंकर के माध्यम से शाम को 4 से 5 टैंकर पानी सप्लाई की जा रही है वह भी पर्याप्त मात्रा में किसी को पानी नहीं मिल पा रहा है और जिनको मिलते भी है वह पानी भी पर्याप्त नहीं होता है जिसके कारण इस भीषण गर्मी में और कड़ाके की धूप में लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि पार्षद के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को फोन लगाया जाता है तो वह फोन भी नहीं उठाते हैं और बुधवार को पार्षद का फोन मुख नगर पालिका ने उठाया और यह कहा कि जब मोटर बन जाएगा तब पेयजल की सप्लाई शुरू की जाएगी और फोन काट दिया। जब यह हाल एक निर्वाचित पार्षद के साथ है तो आम जनता के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी का व्यवहार कैसा होगा इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### मिनी फिल्टर प्लांट से लाते हैं पानी

ग्रामीणों ने बताया कि गोविंदा गांव से मिनी फिल्टर प्लांट की दूरी लगभग 4 से 500 मीटर है और पीने के पानी के लिए साइकिल से मिनी फिल्टर प्लांट जाते हैं और वहां से साइकिल में डिब्बा में ढोकर पानी लाते हैं। वार्ड क्रमांक 11 गोविंदा गांव के पार्षद नोहर सिंह ने बताया कि 14 15 अप्रैल से मिनी फिल्टर प्लांट का मोटर जल गया है जिसके कारण पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। नगर पालिका के द्वारा 4 से 5 टैंकर शाम को पानी की सप्लाई करवाई जा रही है वह भी पर्याप्त मात्रा में लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है हैंडपंप जो लगे हैं वह सफल नहीं है हैंडपंप हवा उगल रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मेरे द्वारा फोन लगाकर पेयजल की समस्या से अवगत कराने के लिए फोन लगाया गया था लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा मेरा फोन नहीं उठाया गया। 17 अप्रैल बुधवार को मेरे द्वारा फोन लगाया गया तो अधिकारी ने कहा कि जब मोटर बन जाएगा तब पेयजल की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी और उन्होंने फोन काट दिया। गोविंदा गांव निवासी खुलन यादव का कहना है कि चार-पांच दिनों से गांव में पेयजल की सप्लाई नहीं हुई है इस भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए हम लोग परेशान हैं नगर पालिका के द्वारा टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई शाम को करवाई जा रही है वह भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है इस भीषण गर्मी में और तपती दोपहरी में साइकिल से हम लोग 4 से 500 मीटर की दूरी पर मिनी फिल्टर प्लांट जाते हैं और साइकिल से पानी लेकर आ रहे हैं। पवन यादव का कहना है कि गोविंद गांव के साथ नगर पालिका के द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है चार-पांच दिनों से मिनी फिल्टर प्लांट में लगे मोटर के जल जाने के कारण पेयजल की सप्लाई नहीं हो रही है पीने के पानी एवं दैनिक उपयोग के पानी के लिए हम लोग परेशान हैं।

## यह कैसी समर स्पेशल ट्रेन, बिलासपुर से कटनी के बीच एक भी स्टापेज नहीं

अनूपपुर।

ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान रेलवे समर स्पेशल के नाम से काफी ट्रेन चलाता है। जिससे अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा की सुविधा मिलती है, लेकिन आज से प्रारंभ हो रही पुरी-निजामुद्दीन एवं निजामुद्दीन-पुरी समर स्पेशल ट्रेन जो की 10 फेरों के लिए चलेगी। यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-कटनी मुड़वारा एवं कटनी मुड़वारा-बिलासपुर रेल सेक्शन होते हुए चलेगी। दोनों स्टेशनों के मध्य लगभग 319 किलोमीटर का सफर अप, डाउन दोनों दिशा में यह ट्रेन बिना रुके, बिना यात्रियों को लिए चलेगी। जो निश्चित रूप से रेलवे के लिए घाटे का सौदा होगा और जो रेलवे यह बात करती है कि अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ सुविधा मिलेगी यह केवल यात्रियों के साथ छलावा है। ट्रेन नंबर 08475 पुरी-निजामुद्दीन समर स्पेशल 19 अप्रैल से 28 जून तक प्रति सप्ताह



शुक्रवार को चलेगी एवं ट्रेन नंबर 08476 निजामुद्दीन-पुरी समर स्पेशल 20 अप्रैल से 29 जून तक चलेगी। इस गाड़ी में 02 एसएलआर, 05 सामान्य, 07 स्लीपर, 06 एसी थ्री तथा 02 एसी-2 सहित कुल 22 कोच की सुविधा रहेगी। ट्रेन नंबर 08475 पुरी-निजामुद्दीन बिलासपुर स्टेशन पर 16.50 पर आकर 17.00 बजे प्रस्थान करेगी।यह ट्रेन कटनी मुरवारा रात्रि 23.30 बजे पहुंच कर 23.40 बजे प्रस्थान करेगी।कटनी मुड़वारा के आगे दमोह,सागर सभी जगह स्टॉपेज हैं, लेकिन बिलासपुर से कटनी के मध्य कोई स्टॉपेज रेलवे ने घोषित नहीं किया, वही ट्रेन नंबर 08476 निजामुद्दीन-पुरी कटनी मुड़वारा स्टेशन 12.50 बजे आकर 13.00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बिलासपुर 18.20 पहुंच कर 18.30 पर प्रस्थान करेगी।यह ट्रेन भी सागर,दमोह रुकते हुए कटनी मुड़वारा पहुंचेगी। कटनी मुड़वारा से बिलासपुर के मध्य रेलवे ने इसका भी कोई स्टॉपेज घोषित नहीं किया। लोगों को आश्चर्य हो रहा है कि यह कैसी समर स्पेशल है जो की 319 किलोमीटर में महत्वपूर्ण स्टेशन पेंड्रा रोड, अनूपपुर जंक्शन, शहडोल एवं उमरिया कहीं भी नहीं रुक रही।

## अनियंत्रित ऑटो पलट से 8 घायल

**अनूपपुर।** थाना कोतमा के अंतर्गत निगवानी गाँव में गुरूवार को अनियंत्रित ऑटो के पलट से 08 लोग घायल हो गए जिन्हें डायल 100 वाहन की मदद से कोतमा अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है। जानकारी अनुसार कोतमा थाना क्षेत्र के ग्राम निगवानी से सवारी भर कर कोतमा जा रहें आटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें 8 लोग घायल हो गयें। लोगो ने राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में को सूचना दी जिस पर डायल-100 कंट्रोल रूम ने तत्काल कोतमा थाना क्षेत्र में तैनात डायल 100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया जहां डायल-112/100 स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुँचकर घायलों को एफ. आर. व्ही. वाहन एवं चिकित्सा वाहन से कोतमा अस्पताल में भर्ती करवाया जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।

### बीते सप्ताह भी गायों का हुआ था शिकार

# रहवासी क्षेत्र में शेर की दहशत, बैल का किया शिकार

**सूचना के बाद भी वन विभाग ने नही दिखाई तत्परता**

**नौरादेही अभ्यारण्य का बताया जा रहा शेर**

विगत दिवस जिले के बदंरोहा विक्रमपुर क्षेत्र मे शेर की दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने डंडे व लाठियों से लैस होकर शोरगुल मचाते हुये नजर आये हालांकि ग्राम के करीब तो जंगली जीव नजर नही आया परन्तु पहाड़ी पर अठखेलियां लेते जरूर देखा गया। वही बीते दिना वाघ ने दो गायों का शिकार भी किया था जिसे लोगो द्वारा देखा गया। वही घटना की जानकारी लोगो द्वारा वन विभाग को दी लेकिन प्रशासन के द्वारा कोई तत्परता नही दिखाई गई।



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस जिले के अंतर्गत आने वाले भोपाल, जबलपुर रोड पर स्थित सीमावर्ती बंदरोहा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव विक्रमपुर के पास की पहाड़ी में बब्बर शेर की ग्रामीण इलाके में इन दिनों मूवमेंट देखी गई है। बब्बर शेर की मूवमेंट इलाके के कई ग्रामीणजनों ने भी देखा है। जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। लोग भय के चलते अपने घरों में दुबके हुए है। शेर की मौजूदगी की जानकारी वन अमले को दी गई है, जिसके बाद भी वन विभाग की टीम देर शाम तक मौके पर नहीं पहुंची। आपको बता दें कि जिले के अंतर्गत आने वाली विक्रमपुर के आसपास की पहाड़ी में इन दिनों शेर की चहलकदमी देखी गई है। ऐसे में किसानों और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, कई ग्रामीणों ने शेर को अपनी आंखों से पहाड़ी के उपर स्थित चट्टान पर चहलकदमी करते हुए देखा है।

**बंधे हुये बैल का किया शिकार**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कि पहाड़ी के ही नीचे निवास करने वाले किसान पंखी पटेल आज जब सुबह सोकर उठे और अपने पशुओं के बाडे.में पहुंचे तो उनकी आंखें फटी की फटी रह गई, सामने उनके बैल का क्षत-विक्षत अवस्था में शव पड़ा हुआ था, जिसको देखकर ही समझा जा सकता था, कि किसी जंगली जानवर ने रात में उनके बाडे में घुसकर बैल पर हमला बोलकर उसकी जान ली है। उक्त संबंध मे बताया जा रहा है कि नौरादेही अभ्यारण मे सेंचुरी मे दो बब्बर शेर छोड़े गये है जिनकी जीपीएस लोकेशन भी ली जा रही है वही वाघ द्वारा इसी सप्ताह गायों का शिकार भी किया गया है ऐसी स्थिति यह स्पष्ट नही हो सका है कि बैल का शिकार बाघ ने किया है या बब्बर शेर है हांलाकि यह स्पष्ट है कि दोनो प्रजाति के हिंसात्मक जंगली जीवों की चहलकदमी जारी है।

**जंगल मे पानी कमी बताई जा रही वजह**

उक्त संबंध मे लोगों द्वारा अंदाजा लगाया जा रहा है, कि जंगल में गर्मी के चलते हो रही पानी की कमी और जंगली क्षेत्र में लगी आग के कारण शेर रिहायशी इलाके में आ गया है। जिसके द्वारा रात में बैल का भी शिकार किया गया है। जानकार बताते है, कि प्रायः गर्मी के मौसम में जंगल में पोखर और तालाब सूख जाते है, जिसके कारण जंगली पशुओं को पानी की समस्या होने के कारण वे रिहायशी इलाकों की ओर अपना रूख करते है, जहां पर्याप्त मात्रा में पानी भी मिला जाता है और शिकार कर भोजन भी आसानी से प्राप्त हो जाता है। हांलाकि उक्त क्षेत्र मे जंगली जीवों का खतरा लोगो के लिये बढ़ गया है।

**वन विभाग नही दिखा रहा सजगता**

ग्रामीणजनों ने जानकारी देते हुए बताया, कि शेर होने की जानकारी वन विभाग के अमले को सुबह ही दी जा चुकी है, लेकिन शाम तक वन विभाग का अमला क्षेत्र में नहीं पहुंचा है, जिसके कारण ग्रामीणजनों में दहशत का माहौल है, हालत ये है, कि ग्रामीणजन जहां अपने घरों में दुबके हुए है, वही अपने पशुओं की भी सुरक्षा की चिता इन्हे सता रही है।

**संभवत निकल गई कालर आईडी**

अभ्यारण्य के पशुओं को जीपीएस की सुविधा से लैस कालर आईडी लगाई जाती है। जिसके माध्यम से यह देखा जाता है, कि जंगली पशु की वर्तमान में मूवमेंट कहा हो रही है। लेकिन वन विभाग अभी तक इस मामले में जानकारी नहीं जुटा पाया है। अंदाजा लगाया जा रहा है, कि शायद जंगली पशु को लगी कालर आईडी निकल गई होगी, जिसके चलते उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है।

**ग्रामीणजनों ने चलाया अभियान**

शेर की दहशत के चलते खेतों में ग्रामीणजनों ने एकत्रित होकर जंगली पशु को लाठी और डण्डों से लैस होकर और शोर मचाकर भगाने का प्रयास किया लेकिन वह उन्हे उस समय दिखाई नही दिया, जिसके बाद जब ग्रामीणजनों की नजर पहाड़ी की चट्टान पर पड़ी तो जंगली पशु चट्टान पर अठखेलियां करता देखा गया, वही बहुत सारे बंदर भी शेर का पीछा करते नजर आए।

**इनका कहना है**

हिंसात्मक जंगली जीव आने की जानकारी प्राप्त हुई है, कर्मचारियों द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। अभी तक इस बात की शिनाख्त नहीं हो पाई है, कि यह शेर है या फिर अन्य कोई जंगली पशु, हमारी टीम लगातार सर्चिंग अभियान में जुटी हुई है।

**लवित भारती,**
**डीएफओ नरसिंहपुर**

## खबर संक्षेप

### 88 वर्षीय वोटसाहब ने डाली वोट



**करेली।** गत दिवस 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनकी सहमति के आधार पर घरपर ही वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। गुरूवार 18 अप्रैल 2024 को नरसिंहपुर जिले में होम वोटिंग के लिए लोकतंत्र के इस महापर्व में महेंद्र वार्ड करेली निवासी 88 वर्षीय मतदाता चौधरी राजेंद्र सिंह वोटसाहब रिटायर्ड लेखापाल उत्कृष्ट विद्यालय करेली से उनके घर में ही मतदान कराया गया।

### तीन दिनों में 100 चुनाव कर्मियों ने किया मतदान



**नरसिंहपुर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय नरसिंहपुर में स्थापित जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर में अब तक 100 चुनाव में लगे शासकीय कर्मियों ने डाक मतपत्र से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। तीसरे दिन 17 अप्रैल को 15 कर्मियों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर में जबलपुर के 15 कर्मचारियों ने मतदान किया। अब तक जिले में 100 कर्मचारियों ने डाक मतपत्र से मतदान किया है, जिसमें जबलपुर के 92, मंडला के एक, बालाघाट के 4 और छिंदवाड़ा के 3 मतदान कर्मियों ने डाक मतपत्र से अपने मताधिकार का उपयोग किया। शेष बचे हुए दूसरे जिलों के शासकीय कर्मचारी जिनकी जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात किये गये हैं, उनको डाकमत पत्र से मतदान करने की सुविधा 18 अप्रैल को जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर पर दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि ऐसे शासकीय कर्मचारी डाक मतपत्र से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया जिनकी ड्यूटी अपने निर्वाचन क्षेत्र जहाँ के वे मतदाता हैं से अलग दूसरे जिलों में चुनाव कराने लगाई गई है। इन शासकीय सेवकों के लिये डाक मतपत्र से मतदान करने कलेक्ट्रेट कार्यालय नरसिंहपुर में फेसिलिटेशन सेंटर बनाया गया है।

### जहरीली वस्तु के सेवन से युवक की मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस जहरीली वस्तु के सेवन से युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामचन्द्र पिता मन्नू लाल ठाकुर उम्र 30 वर्ष निवासी नारिया थाना मुंगवानी द्वारा अज्ञात कारणों जहरीली वस्तु का सेवन कर जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर मर्ग कायम कर शव का परीक्षण कराकर परजिनों को सौंप दिया।

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। विदित है कि मंडला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के 254 मतदान केन्द्रों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान केन्द्रों पर मतदान कर्मी एक दिवस पूर्व पहुंच चुके हैं। अधिकारियों ने ग्राम बेलखेड़ी शेढ़, गोरखपुर, मुंगवानी, चारबहेरिया, बरहेटा के मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान दलों के सदस्यों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निविघ्न रूप से सम्पन्न करायें। मतदान केन्द्रों पर तेज धूप एवं गर्मी से बचाव के पुख्ता इंतजाम, प्राथमिक उपचार व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मतदान दलों के सदस्यों से उनके भोजन, पानी, कूलर आदि के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दलों के सदस्यों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य किया जाये। <

## पंचमी से जवारों के दर्शन हुये प्रारंभ, समिति द्वारा सम्मानित किये गये पत्रकार





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

सदर मड़ियां प्रांगण में विगत 26 वर्षों से सामूहिक जवारे समिति के द्वारा रखे जा रहे जवारे जो नगर ही नहीं अपितु पूरे जिले की आस्था का केंद्र बन चुके हैं सिद्ध क्षेत्र तीर्थ धाम सदर मड़िया वैसे भी जिला मुख्यालय में धर्म आस्था का केंद्र बिंदु है और उसी स्थान पर 751 घाट जवारो की स्थापना जो पूरे नगर के सहयोग से मां भगवती के स्वरूप के साथ रखे जाते हैं। यहां पर जवारे की स्थापना नवरात्रि की पंचमी तिथि को की जाती है तथा विसर्जन पूर्णिमा को होता है। विसर्जन पर आस्था का जन सैलाब इस कदर रहता है की नगर गुंजायमान हो उठता है। विगत दिवस पंचम तिथि पर पंचमी की पूजा के उपरांत जवारो के पट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए गए। जवारे की दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का मेला लगा हुआ है।

**जवारे समिति द्वारा पत्रकारों का किया गया सम्मान**

सामूहिक जवारे समिति के अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी तथा उनकी समिति के सभी सदस्यों के अथक प्रयास और निरंतर मेहनत के चलते इस आयोजन में नगर का प्रत्येक परिवार इस आयोजन से जुड़ा हुआ है ऐतिहासिक जुलूस का संचालन 751 घट खप्पर तथा अनेकों प्रकार के प्रदर्शन इस आयोजन में देखने मिलते है। इसी अवसर पर समिति के द्वारा प्रतिवर्ष सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। विगत दिवस मीडिया जगत के पत्रकार बंधुओ का मां भगवती का गमछा तथा समिति का स्मृति चिन्ह देकर नगर के सभी पत्रकारों का सम्मान किया गया समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## आज 2 लाख 17 हजार 621 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

**नरसिंहपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मंडला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की एक विधानसभा क्षेत्र 118- गोटेगांव में शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान से पूर्व प्रातः 5:30 बजे सभी मतदान केन्द्रों में मॉकपोल किया जाएगा। मतदान के लिए गोटेगांव विधानसभा क्षेत्रों के बूथ के लिए सामग्री का वितरण 18 अप्रैल को कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर से किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के लिए गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में 254 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए छाया तथा पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सभी केन्द्रों में रैम्प, व्हीलचेयर, बिजली, पेयजल, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव में कुल 2 लाख 17 हजार 621 मतदाता हैं, जिनमें एक लाख 11 हजार 561 पुरूष, एक लाख 6 हजार 56 महिला व 4 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। इन मतदाताओं में 1550 पीडब्ल्यूडी मतदाता, 1911 बुजुर्ग मतदाता, 5487 नव मतदाता और 102 सर्विस वोटर शामिल हैं। गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 254 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इन मतदान केन्द्रों में 61 क्रिटिकल मतदान केन्द्र, वेबकास्टिंग 142 मतदान केन्द्र और शेडो एरिया के 3 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुरूप विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोटेगांव में निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सुरक्षा की चाक- चौबंद व्यवस्था की गई है। इस दौरान अवैध शराब, धन राशि, हथियार आदि का परिवहन ना हो, इसके लिए कड़ी चौकसी रखी जा रही है। फ्लाइंग स्क्वाड टीम और एसएसटी की गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में 4 एफएसटी, 4 एसएसटी, एक व्हीएसटी, एक व्हीव्हीटी और एक सहायक व्यय लेखा टीम बनायी गयी हैं।

### माँ के साथ नन्ही बेटी भी रहेगी चुनाव ड्यूटी पर

**नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत गोटेगाँव विधानसभा 118 में 19 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान कराने के लिए जहां पुरूष मतदान कर्मियों का उत्साह था, वहीं महिला मतदान



कर्मियों का भी उत्साह कम नहीं था। महिलायें मतदान सामग्री लेकर खुशी- खुशी मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुई। महिला मतदान कर्मियों में शामिल श्रीमती शशि विश्वकर्मा अपनी छोटी बच्ची के साथ गर्रा मतदान केंद्र 29 में मतदान कराने रवाना हो चुकी हैं। श्रीमती विश्वकर्मा अजाक थाना नरसिंहपुर में पदस्थ है। वे अपनी बेटी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने जा रही हैं। चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के बाद वे 19 अप्रैल को वापस आ जाएँगे।



## संकटमोचक की प्राण-प्रतिष्ठा मे पंहुच रहे श्रद्धालु

**तेंदूखेड़ा-** नगर में गांधी चैक के सामने तरफ पुराने बस स्टैंड के समीप प्राचीन श्री हनुमान मंदिर के भव्य नवीन मंदिर का निर्माण कर उसमें प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या मे श्रद्धालु पंहुचकर पूजन कार्य मे भाग ले रहे है। 18 अप्रेल से देवाहन और पूजन पीठ स्थापना के साथ 22 अप्रैल तक अनुष्ठान यज्ञ हवन अधिवास के साथ 23 अप्रैल श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर विशाल शोभायात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होगा। प्रतिष्ठाचार्य पं प्रमोद पचैरी के साथ नगर के सभी प्रतिष्ठित विद्वान पंडित जनों का सानिध्य प्राप्त होगा वहीं नर्मदा मिशन के दादा गुरु जी महाराज तथा ब्रह्मरुपी जी महाराज का भी सानिध्य इस मौके पर मिलेगा। विशाल भंडारे प्रसादी वितरण के साथ ही समापन होगा। नगर के सभी वर्गों के लोगों से हरसंभव सहयोग हेतु श्री राम रसिया भक्त मंडल ने सभी से विनम्र अपील की है।

### यात्री बसें नहीं चलने से परेशान हो रहे यात्री

**तेंदूखेड़ा-** इन दिनों शादी विवाह की भरमार चल रही है। वहीं लोकसभा चुनावों को लेकर चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को लेकर यात्री बसों को मतदान केंद्रों पर भेज देने के चलते बहुत सी यात्री बसों को ना चलने की स्थिति में लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। गौरतलब रहे कि पहले चरण का मतदान आज होना है। मंडला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गोटेगांव क्षेत्र में मतदान दल गये हुए हैं।इस कारण से जिले से बहुत से बाहनो का अधिग्रहण किया गया हैं। शादी विवाह में जाने वाले लोग अपने अपने स्तर से बाहनो की व्यवस्था से आवागमन कर रहे हैं। सड़कों और सार्वजनिक स्थलों भीड़ भाड़ का वातावरण देखने को मिल रहा है। तथा साधन विहीन यात्री परेशान होते हुए दिख रहे हैं।

## 108 जवारों कलश का आस्था पूर्वक हुआ विसर्जन

**तेंदूखेड़ा-** शक्ति साधना के महापर्व चैत्र नवरात्र की समूचे ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम रही, नवरात्रि के अंतिम दिन से ही माता रानी के जवारों के विसर्जन का कार्यक्रम शुरू हो गया है। मातारानी के दरबार में सुबह से ही श्रद्धालु जल चढ़ाने से लेकर भक्ते, देवी गीत, जस गाने से लेकर रात्रि में संगीतमय आरतियो में शामिल हुए। नौ दिनों तक खासा उत्साह श्रद्धालुओं में देखने को मिला भक्तों द्वारा यथा सामर्थ्य अनुरूप माता रानी की आराधना की गई। किसी ने नौ दिन तक व्रत रखकर तो कोई नंगे पैर मातारानी की साधना में लीन रहा। नवरात्रि के अंतिम दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र जी की पूजन अर्चन के साथ नम आंखों से मातारानी की विदाई की तैयारियां प्रारंभ हो गई। प्रतिष्ठित कंकाली मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना प्रारंभ हो गया था, पूरे दिन मातारानी की पूजन अर्चन का



कार्यक्रम चलता रहा। सायं 4 बजे 108 घट, कलश, व जवारों की मंदिर प्रांगण से एक विशाल शोभायात्रा ग्राम के मुख्य मार्गो से भ्रमण करती हुई खेरापति दरबार पहुंची। शोभायात्रा में व्रत रखने वाली महिलाओं और युवतियों मैं घट कलश को अपने सर पर सजोने का उत्साह देखा गया एवं मातारानी के आशीर्वाद से जिन श्रद्धालुओं की मुरादें पूर्ण हुई है, उन श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर प्रांगण से खेरापति दरबार तक सर भर कर माता रानी की उपासना की गई, शोभायात्रा में शेर काली के रूप में आए बाहर से कलाकारों द्वारा कार्यक्रम मैं सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया, खेरापति मंदिर में पूजन अर्चन के साथ समीपी बरांझ नदी में आस्था विश्वास के साथ जवारों का विसर्जन किया गया, एवं मंदिर समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। यात्रा में सभी श्रद्धालुओं को पीने के लिए जल की जगह-जगह व्यवस्था समिति द्वारा कराई गई।

## 400 पार का नारा भाजपा की तानाशाही- जीतू पटवारी

तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा में नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी संजय शर्मा के समर्थन में एक सभा को संबोधित करने पहुंचे कांग्रेस के स्टार प्रचारक एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए स्पष्ट किया कि भाजपा का 400 पार का जो नारा दिया है वह केवल उसकी तानाशाही का एक नमूना है। जनता के विश्वास और समर्थन से ऊपर उठकर उसने पूर्व में ही यह घोषणा कर रखी है मतलब जनता उनके सामने कुछ नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान ने पूर्व में जो भी जनता के सामने झूठ बोला जो वादे किए सारे झूठे ही साबित सिद्ध हुये जनता इन लोकसभा चुनावों में हिसाब चुकता करेगी। पत्रकारों से चर्चा के पूर्व श्री पटवारी ने सभा को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि मोदी जी जगह जगह जाकर अपनी गारंटी की बात करते हैं लेकिन




विधानसभा चुनाव के दौरान लाडलियों को तीन हजार रुपए देने समर्थन मूल्य पर गेहूं 2700रुपये की गारंटी और धान 3100 रुपए की बात कही थी वह कहां गई। मोदीजी ने दो करोड़ लोगों को हर साल दो करोड़ लोगों को नौकरी साढ़े चार सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने हर गरीब के खाते में 15 लाख डालने की बात कही थी वह कहां चली गई।141 में से 121 कांग्रेस के नेता भाजपा में गये अब शायद बे वहां भ्रष्ट नहीं बचे।काला धन वापस लाने राष्ट्रवाद सर्जीकल स्ट्राइक पुलवामा की घटना नफरत फैलाने तथा किसान आंदोलन के दौरान समझौता फिर दिल्ली में किसान आंदोलन के दौरान 700किसिनों की मौत जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**झूठ बोलना भाजपा की राजनीति- कृणाल चैधरी**

संजय शर्मा के समर्थन में युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक कुणाल चैधरी ने भी पत्रकारों से चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि भाजपा हमेशा झूठ बोलने की राजनीति करती है और बार बार झूठ बोलकर जनता को भ्रमित किया करती है।वह धर्म के नाम पर लोगों को भ्रमित करती है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वाले सवाल पर कहा कि जिनके अवैध धंधे और कारोबार है वहीं भाजपा में जा रहे हैं। इसके पूर्व एक महती सभा को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि पहले कांग्रेस के समय में गैस की टंकी चार सौ में मिलने डीजल पेट्रोल के दाम कहां थे और आज कहां पर है चारों तरफ मंहगाई का से हा हा कार उस समय यह डायन थी और अब क्या हो गई।चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री मंहगाई पर बात क्यों नहीं करते। प्रदेश के मुख्य मंत्री जहां भी जाते हैं केवल मोदी जी के नाम पर ताली बजबाते है।जिस दिन से मुख्यमंत्री बनें 25हजार करोड़ का कर्ज ले रखा है और अब वह भी मिलना बंद हो गया है। जैसे विभिन्न विंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पूर्व कांग्रेस के प्रत्याशी संजय शर्मा जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डा. संजीव चांदोलकर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र पटेल किसान नेता संतोष पटेल अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत सहित विभिन्न नेताओं ने विस्तार से अपनी अपनी बात रखी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल ने सभी का स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया।इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सेक्टर मंडलम ब्लाक कार्यकर्ता उपस्थित थे। क्षेत्र के अनेक लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिन्हें कांग्रेस का गमछा पहना कर स्वागत किया।